卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 123 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦7 फरवरी 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# गौलापार में सीवरेज ट्रीटमैंट वेस्ट प्लांट का लोकार्पण

## सीएम धामी ने की अंतरराष्ट्रीय स्तर के जू बनाने के लिए बजट देने की घोषणा

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को हल्द्वानी वासियों को बड़ी सौगात दी। उन्होंने गौलापार स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट/ लीगेसी है। इसी कड़ी में करीब 35 करोड़ रुपये की लागत से तैयार यह प्लांट जनता को समर्पित किया गया है। वहीं एसटीपी की सौगात मिलने के बाद सीवरेज समस्या से जाने के लिए बजट दिए जाने की घोषणा की। इसके साथ ही देवभूमि को ड्रग्स फ्री करने के अभियान में हल्द्वानी में एक नशा मुक्ति केंद्र खोलने की प्लांट स्वच्छता की ओर सरकार का एक बड़ा कदम है, वही मेयर डॉ. जोगेंद्र पाल सिंह रौतेला ने कहा कि यह हल्द्वानी के लिए नई शुरुआत है। स्वच्छता के लिए एक






वेस्ट प्लांट का लोकार्पण किया। इस मौके पर सीएम धामी ने कहा कि प्लांट से हल्द्वानी के लोगों को फायदा मिलेगा। वहीं, सरकार प्रदेश की नदियों को स्वच्छ करने के लिए हर संभव कदम उठा रही दिक्कत मिलेगी। निगम क्षेत्र की लाइनें यहां जोड़ी गई है। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हल्द्वानी लोकार्पण के बाद सभा को संबोधित करते हुए हल्द्वानी में अंतरराष्ट्रीय स्तर के जू बनाए घोषणा की तथा हल्द्वानी में आधुनिक कैथ लैब बनाने की घोषणा की, मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार लगातार राज्य की जनता की भलाई के लिए विकास कार्यों में जुटी हुई है। यह ट्रीटमेंट बड़ा कदम है। इस दौरान मेयर जोगेंद्र पाल सिंह रौतेला, विधायक डा. मोहन सिंह बिष्ट सहित जिला प्रशासन के विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। सीएम हल्द्वानी से खटीमा को रवाना होंगे।

# सीएम को काले झंडे दिखाने का प्रयास

## विरोध कर रहे गौला संघर्ष समिति के पदाधिकारियों और कई वाहन स्वामियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हल्द्वानी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के हल्द्वानी पहुंचने से पहले पुलिस ने विरोध कर रहे गौला संघर्ष समिति के पदाधिकारियों और कुछ वाहनस्वामियों को पकड़ लिया। चोरगलिया रोड से यह लोग सीएम के कार्यक्रम स्थल की और जा रहे थे।



वहीं इस मामले को लेकर पूर्व तय कार्यक्रम के तहत गौला संघर्ष समिति के पदाधिकारी व सदस्य सुबह चोरगलिया रोड स्थित कार्यालय में एकजुट हुए। यहां से जुलूस की शक्ल में सीएम को काले झंडे दिखाने को निकलने लगे। लेकिन पुलिस ने बाईपास रोड स्थित एसटीपी प्लांट तक नहीं जाने दिया। उससे पहले सभी को पकड़ लिया गया। गौला नदी में अभी तक 108 कुंतल उपखनिज की निकासी थी। लेकिन वन निगम ने सिर्फ क्रशर संचालकों के कहने पर ओवरलोड की अनुमति जारी कर दी। जिसे लेकर गाड़ी मालिकों में आक्रोश है। उनका कहना है **( शेष पेज सात पर )**

# यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने काले गुब्बारे उड़ाकर किया सीएम के कार्यक्रम का विरोध, कई गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के हल्द्वानी दौरे का यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने काले गुब्बारे उड़ाकर जमकर विरोध किया। इस करनी पड़ी। पुलिस ने कई कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है। आज प्रदेश के मुख्यमंत्री के नगर आगमन के विरोध को लेकर युंका कार्यकर्ता पुलिस से सुबह से में सीवर लाइन के निर्माण शहरी विकास प्रधिकरण की तानाशाही आदि के विरोध में युवा काग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष हेमन्त साहू की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने रेलवे बनभूलपुरा थाने की ओर भगाने लगे। इस दौरान पुलिस को कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार करने के लिये लंबी दौड़ लगानी पड़ी। कार्यकर्ताओं व पुलिस बीच इस





दौरान कार्यकर्ताओं की पुलिसकर्मियों से कई बार धक्का मुक्की भी हुई। नारेबाजी करते हुए भागते कार्यकर्ताओं को पकड़ने के लिए पुलिस को काफी मशक्कत भी हीआंख मिचौली का खेल खेल रहे थे। अंकिता हत्या कांड, पेपर लीक प्रकरण की सीबीआई जाँच करवाने व बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं को ठीक करने राजपुरा बाजार में जोरदार विरोध करते हुये काले गुब्बारे हवा में उड़ा दिये। पुलिसकर्मियों के आते ही यूथ कांग्रेस कार्यकर्ता रेलवे बाजार से जोरदार प्रदर्शन करते हुए दौरान जमकर धक्का मुक्की हुई। हेमन्त साहू ने कहा राज्य के मुखिया हवाई दौरे कर रहे हैं जबकि आम जनता मूलभूत समस्याओं से **( शेष पेज सात पर )**

# एसएसपी के आदेश पर दहेज उत्पीड़न की रपट दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। थाना नानकमत्ता क्षेत्र निवासी एक पीड़िता की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए एसएसपी के निर्देश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दर्ज रपट में पीड़िता ने कहा है कि उसका विवाह 24 नवम्बर 2021 को जसविन्दर सिंह पुत्र भजन सिंह निवासी ग्राम छोटी सलमती, थाना नानकमत्ता के साथ हुआ था। विवाह के कुछ समय बाद से ही पति जसविन्दर सिह, ससुर भजन सिह , सास मुख्तयार कौर, जेठ रंजीत सिह उसे परेशान करने लगे और मायके से दहेज में 1 लाख रूपये नगद व एक आल्टो कार और लाकर देने की मांग करने करने लगे। आरोप है 30 सितम्बर 2022 को सभी लोगों ने 4 माह की गर्भवती होने कें बावजूद उसे लात-घूसों से मार-पीट कर घर से निकाल दिया और कहा अगर हमारी मांग को पूरी किये बिना यहां वापिस आई तो तुझे जान से मार देगें। पीड़िता का कहना है वह किसी तरह अपनी बहन के घर ग्राम बिन्दुखेडा, रूद्रपुरआ गई और वही निवास कर रही है। ससुराल वाले दहेज के उसे लगातार डराते धमका रहे है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सुप्रीम कोर्ट में अपना पक्ष रखने के लिये रेलवे विभाग ने मांगा वक्त

## अब दो मई को होगी बनभूलपुरा रेलवे भूमि प्रकरण की सुनवाई

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बहुचर्चित बनभूलपुरा रेलवे भूमि प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट में आज हुई सुनवाई के दौरान रेलवे विभाग द्वारा अपना पक्ष रखने के लिए कुछ समय मांगने पर न्यायालय द्वारा आगामी 2 मई को सुनवाई की तिथि निर्धारित की गई। सुनवाई के समय सलमान खुर्शीद, प्रशांत भूषण, कॉलिन गोंजाल्वेज जैसे दिग्गज वकील बनभूलपुरा की जनता की ओर से पैरवी कर रहे थे। बनभूलपुरा के जनप्रतिनिधियों का एक दल भी सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट में मौजूद था। बताया जाता है इस मामले की सुनवाई का नंबर 24वां था। दिलचस्प बात यह है कि सुप्रीम कोर्ट में रेलवे ने इस मामले में स्थगनादेश के लिए अपील की थी। क्योंकि रेलवे को इस मामले में और समय चाहिए। जिसे देखते हुए न्यायालय ने अगली तारीख 2 मई घोषित कर दी। विदित रहे कि गत 5 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट ने पहली



सुनवाई की थी जिसमें बुलडोजर एक्शन और उत्तराखण्ड हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाई थी। साथ ही राज्य सरकार और रेलवे से अपना पक्ष रखने को कहा था। रेलवे की इस तरह की अपील बताती है कि उसके पास अभी सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के लिए कोई तैयारी नहीं है। इसी को देखते हुए न्यायालय ने 2 मई की तारीख नियत की है। बनभलपुरा के जनप्रतिनिधियों का एक दल के साथ विधायक सुमित हृदयेश भी इस समय सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे। बता दें कि 5 जनवरी की अपनी पहली सुनवाई जिसमें बुलडोजर एक्शन और उत्तराखण्ड हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाई थी में सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार और रेलवे से अपना पक्ष रखने को कहा था। बहरहाल अब आगामी दो मई को राज्य सरकार और रेलवे की ओर से आखिर क्या जवाब दाखिल किया जाएगा इस मसले पर सभी की निगाहे टिकी हुई है।

# हादसे में घायल अधिवक्ता की उपचार के दौरान मौत

## परिजन जता रहे हत्या की आशंका,पर्स व मोबाइल गायब

काशीपुर(उद संवाददाता)। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल अधिवक्ता की उपचार के दौरान नगर के निजी अस्पताल में मृत्यु हो गई। मृतक के परिजन मामले को हत्या से जोड़कर देख रहे हैं। फिलहाल पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया। मृतक तीन बहनों के बीच इकलौता था। अकस्मात घाटी घटना को लेकर परिवार में शोक व्याप्त है। जानकारी के मुताबिक खुशहालपुर बाजपुर निवासी दीपक ठाकुर 25 वर्ष पुत्र उम्र ठाकुर ने अभी हाल फिलहाल एलएलबी कंप्लीट करने के बाद एसडीएम कोर्ट बाजपुर में प्रैक्टिस शुरू किया था। जानकारी के मुताबिक रविवार की देर रात्रि किसी अज्ञात व्यक्ति का फोन अधिवक्ता के मोबाइल पर आया। फोन आने के तत्काल बाद अधिवक्ता तैयार होकर अपनी अपाचे मोटरसाइकिल से निकल पडा लेकिन देर



रात तक वह वापस घर नहीं लौटा। इस दौरान ड्यूटी पर जाते हुए मोहल्ले के ही एक व्यक्ति ने बन्ना खेड़ा रोड पर पॉलीफ्लेक्स फैक्ट्री के समीप भीड़ भाड़ देखी। उसने दीपक की मोटरसाइकिल पहचान ली। क्षतिग्रस्त हालत में सड़क पर मोटरसाइकिल पड़ी थी। जबकि दीपक गंभीर रूप से घायल कुछ दूरी पर सड़क किनारे खाई में पड़ा था। मोहल्ले के युवक दीपक की पहचान करने के बाद मामले की जानकारी तत्काल उसके परिजनों को दी। घटना की भनक लगते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस को मामले की सूचना मिलने पर उसने तत्काल गंभीर रूप से घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया जहां देर रात जीवन मृत्यु से संघर्ष करते हुए युवा अधिवक्ता ने दम तोड़ दिया। मृतक तीन बहनों के बीच इकलौता भाई था। उसके दो बहनों की शादी हो चुकी है जबकि एक छोटी बहन अभी अविवाहित है। मृतक के परिजन इस **( शेष पेज सात पर )**

# महिला और बच्चे का शव मिलने से सनसनी

## एसपी ने मौके पर पहुंचकर किया निरीक्षण,हत्या की आशंका

बागेश्वर(उद संवाददाता)। गरुड़ तहसील के पिंगलोक्षेत्र में दोपहर बाद अचानक क्षेत्र में सनसनी फैल गई जब क्षेत्र में एक महिला का मृत हालत में शव मिला था, वही देर शाम पास में एक और



बच्चे का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस ने मौके पर जाकर शवों को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। वही क्षेत्र में एकसाथ दो शव मिलने की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक हिमांशु वर्मा भी मौके पर पहुंच गए, पहाड़ की शांत वादियों में अचानक क्षेत्र में दो शव मिलने से पिंगलो क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस ने मौके पर जाकर शवों को बरामद कर कब्जे में लिया,वही महिला और बच्चे के शव मिलने से आसपास के लोग भी घटना स्थल पहुँचे।वही घटना कैसे हुई,क्यों हुई घटना का कारण क्या था, एक साथ क्षेत्र में महिला और बच्चे की मौत होने से लोग आश्चर्य चकित हो गए।आखिर घटना कब कैसे हुई किसने दोहरे घटना को अंजाम दिया, ये सवाल हर एक व्यक्ति की जुबान में था। पुलिस अब शवों की शिनाख्त करने में जुट गई है,वही पुलिस घटना के कारणों और मृतकों की शिनाख्त के साथ मामले की जांच में जुट गई है। एसपी हिमांशु वर्मा ने बताया कि जल्द मामले में घटना के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है, मामले में किसी के द्वारा घटना को अंजाम दिए जाने का मामला प्रतीत हो रहा है, जांच कर जल्द मृतकों की शिनाख्त के साथ मामले का खुलासा किया जाएगा। वही जिले में लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाओं से लोगों में भय का माहौल है।वही घटना स्थल पर पुलिस उपाधीक्षक अंकित कंडारी थानाध्यक्ष बैजनाथ कैलाश सिंह बिष्ट, एसओजी प्रभारी कुंदन रौतेला आदि मौजूद थे।

# 69वाँ श्री तुलसी महायज्ञ महोत्सव का शुभारंभ 12 फरवरी से, तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री तुलसीधाम मल्सा गिरधरपुर मे पिछले कई वर्षो की भांति इस वर्ष भी श्री तुलसी महायज्ञ का आयोजन धूमधाम से किया जा रहा है। आयोजन की भव्य तैयारियों को लेकर श्री तुलसीधाम मे एक सभा आयोजित की गई। जिसमे महायज्ञ को सफल बनाने के लिए हर विषय पर चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि 69वें श्री तुलसी महायज्ञ के मौके पर 12 फरवरी दिन रविवार से श्री तुलसीधाम मे श्री रामकथा का आयोजन होगा। जिसका समय दोपहर 3 बजे से सायं 6 बजे तक रहेगा। श्रीरामकथा का समापन 20 फरवरी को होगा। तत्पश्चात 21फरवरी को रात्रि 8 बजे से समिति के सदस्यों द्वारा भरत मिलाप धार्मिक कथा मंचन दर्शाया जायेगा। 22 फरवरी को दोपहर 2 बजे श्री तुलसी धाम के प्रांगण से शोभा यात्रा निकाली जायेगी जो पूरे ग्राम का भ्रमण कर 5 बजे मन्दिर मे समाप्त होगी। 22 फरवरी को रात्रि 8 बजे दूसरा धार्मिक कथा मंचन श्री कृष्ण अवतार दर्शाया जायेगा। तत्पश्चात 23 फरवरी को 69 वे श्री तुलसी महायज्ञ का आयोजन बहुत ही धूमधाम से होगा। जिसमे प्रातः 10:30 बजे से संत समागम होगा व 12



बजे से श्री गुरु महाराज जी का लंगर अटूट बरतेगा। 23 फरवरी को श्री तुलसी महायज्ञ में उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी उपस्थित रहेंगे। महायज्ञ को सफल बनाने के लिए श्री तुलसधाम मे आयोजित हुई बैठक मे सभी विषयो पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में श्री गुरु महाराज जी द्वारा सभी भक्तो को निर्देशित किया गया कि सभी सेवादारों को किस तरह से सेवा करनी है। मीटिंग में वेद प्रकाश खुराना, हरीश बांगा बंटू, विपिन बांगा, सुरेन्द्र तनेजा, सुरेश नरुला, सूरज गम्भीर, बैजनाथ छाबड़ा, अशोक बागा, राजकुमार बांगा, सतवन्त कामरा, झण्डा राम बांगा, विनोद नरुला, रवि चावला, सोनू गाँधी, अकिंत बांगा, चिमन खुराना, प्रदीप कामरा, विनोद बेहड़, पंकज बांगा, अनिल बांगा, मुकेश बांगा, राजेश खुराना, राजू चावला, संदीप चावला, विजय बांगा, पप्पू गाँधी, अशोक सुधा, सुरेश कश्यप प्रधान जी, तिलक बांगा, इशान्त बांगा, सजल अनेजा व श्री तुलसी धाम परिवार के सभी सदस्य मौजूद थे।

# बाईक सवार नशा तस्कर गिरफ्तार

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। लमगड़ा पुलिस ने बाईक में चरस तस्करी कर रहे एक नशा तस्कर को गिरफ्तार कर लिया । जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष लमगड़ा दिनेश नाथ महंत के नेतृत्व में थाना पुलिस द्वारा शहर फाटक तिराहे से



आगे चेकिंग के दौरान बाईक सवार संदिग्ध व्यक्ति को रोक कर उससे पूछताछ की तो उसने अपना नाम पता डिकर सिंह पुत्र आन सिंह निवासी जोगावसान थाना पाटी, चम्पावत बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से कुल 211 ग्राम चरस बरामद हुई। जिसकी कीमत 21100 रूपये बतायी गई है। पुलिस ने उसकी बाईक संख्या यूके-06आर 9291 व अवैध चरस कब्जे में लेकर डिगर सिंह के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। पुलिस टीम में प्रभारी चौकी मोरनौला उनि संजय जोशी, हेड कानि. ललित मोहन जोशी, मनोज क्वीरा शामिल थे।

# मदरसे में अराजकता करने वालो के विरुद्ध हो रासुका की कार्यवाही: अली अनवर

काशीपुर। जमीयत उलमा हिंद के जनरल सेक्रेटरी अली अनवर द्वारा उत्तरप्रदेश सूबे के मुख्य मंत्री योगी अतित्यनाथ को पत्र भेजकर मुरादाबाद के थाना गलशहीद क्षेत्र में मदरसा जमीउलहुदा में कुछ अराजक तत्वों द्वारा कार्यालय में घुस कर अभिलेखों को फाड़ा गया और कार्यालय में नियुक्त कर्मचारियों के साथ हिंसक घटना को अंजाम दिया गया। शांति व्यवस्था को खराब करने की कोशिश की गई है। पुलिस द्वारा तीन दिन बाद भी कार्यवाही नही को गई है। जमीयत उलमा के नायब सदर मोहम्मद अहमद द्वारा अवगत कराया गया की अराजकता फैलाने वाले इनामौल्लाह खान उर्फ चुन्नू और उसके साथियों के विरुद्ध रासुका में कार्यवाही की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जमीयत उलमा हिंद का उधम सिंह नगर का शिष्ट मंडल जल्द ही यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर इस मामले में दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही की मांग करेगा।

# तमंचे के साथ फोटो वायरल करने वाला तमंचा कारतूस सहित गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बीते दिनों तमंचे के साथ सोशल मीडिया पर फोटो वायरल करने वाले युवक को पूलिस ने तमंचा कारतूस सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार विगत दिनो सोशल मीडिया पर ग्राम शहदौरा चौकी बरा थाना पुलभट्टा के एक युवक का तमंचे के साथ फोटो वायरल हुआ




था। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने उसे पकड़ने के लिए प्रयास शुरू कर दिये। उक्त वायरल फोटो की जाँच करते हुए पुलिस ने वायरल वीडियो में दिखाई दिये युवक पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता रोहित अली पुत्र मौ. ताहीर निवासी ग्राम शहदौरा थाना पुलभट्टा बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक तमंचा 12 बोर व 3 जिन्दा कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में उसने बताया कि वह तमंचें को शौकिया तौर पर ग्राम नैनी से खरीद कर लाया था और अपने पास रखता है।

# एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के तहत विभिन्न पदों पर चयनित व्यक्तियों को सौपे नियक्ति पत्र

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के तहत विभिन्न पदों पर चयनित व्यक्तियों को अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह ने सौंपे नियुक्ति पत्र। अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह ने बताया कि आउटसोर्स एवं संविदा से सम्बन्धित नियुक्तियों में भी पारदर्शिता बनी रहे, इसलिए चयनित व्यक्तियों को जिला स्तर से ही नियुक्ति पर सौंपे जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता, विशेष योग्यता, अनुभव एवं साक्षात्कार के पश्चात



चयनित सभी सात व्यक्तियों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए हैं। उन्होंने बताया कि यह नियुक्तियां अस्थायी तौर पर तथा सशर्त प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि सीपीएम के पद पर डॉ.श्वेता दीक्षित, सीएसओ पद पर डॉ.जयन्त नन्दन जोशी, लेब टैक्नीशियन पद पर अरूण कुमार बाठला, एनएनएम पद पर हेमलता काण्डपाल, काउंसलर पद पर पिंकी तिवारी, डीएमडीओ पद पर अराधना श्रीवास्तव, डाटा मैनेजर पद पर मोहन सिंह कार्की को नियुक्ति पत्र दिया गया है।

# तीन के खिलाफ विद्युत चोरी में मुकदमा

काशीपुर। विद्युत चोरी के आरोप में पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस को तहरीर देकर विद्युत विभाग के उपखंड अधिकारी पंकज कुमार ने बताया कि शिवांगी फैक्ट्री के समीप ग्राम खरमासी निवासी नन्हे पुत्र धर्म सिंह, मालवा फार्म कुंडेश्वरी निवासी परमप्रीत सिंह पुत्र गुरुमीत सिंह तथा गोपीपुरा काशीपुर निवासी विक्की कुमार पुत्र नौबत सिंह पिछले लंबे समय से एलटी लाइन में कटिया डालकर विद्युत चोरी किया करते थे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर उपरोक्त तीनों के खिलाफ धारा 135 विद्युत अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया है।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद गदरपुर (ऊधम सिंह नगर)

पत्रांक 740/ ई – निविदा / 2022-23 दिनांक 6.02.2023

**ई-निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद गदरपुर में MSW Rule & 2016 EIA Notification and CPHEEO manual अनुसार ठोस अपशिष्ट प्रबंधन निस्तारण स्थल से संबंधित कार्य हेतु द्वि-निविदा प्रणाली के अंतर्गत निम्न ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जो कि दिनांक- 16/02/2023 से दिनांक- 26/02/2023 तक उत्तराखंड निविदा पोर्टल https://uktenders-gov-in/ से डाउनलोड / अपलोड की जा सकती है, निविदा जमा करते समय निविदा मूल्य का डी०डी० जमा कराना अनिवार्य है। तकनीकी निविदा ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों प्रारूप मे जमा करनी अनिवार्य है, जबकि वित्तीय निविदा केवल ऑनलाइन जमा की जा सकती है, निविदादाता द्वारा तकनीकी निविदा मोहर बंद लिफाफे में R.F.P की शर्तों के अनुसार दिनांक- 26/02/2023 को अपराह्न 04:00 बजे तक नगर पालिका परिषद गदरपुर में जमा की जा सकती हैं जो कि दिनांक – 27/02/2023 आपराह्न 02:00 बजे उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष खोली जाएंगी। निविदा की अधिक जानकारी नगर पालिका परिषद गदरपुर कार्यालय से एवं उत्तराखंड निविदा पोर्टल https://uktenders-gov-in/ से प्राप्त की जा सकती है, निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अध्यक्ष /अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद गदरपुर को होगा ।

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | धरोहर राशि | शर्ते | R.F.P मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ठोस अपशिष्ट प्रबंधन निस्तारण स्थल बनाने हेतु पर्यावरण प्रभाव आकलन अध्ययन एवं पर्यावरण स्वीकृति कार्य । | Rs 50,000/- | R.F.P की शर्तो के अनुसार | Rs 2000/- |

Schedule of activities:

| S-No | Activity Description | Date/Time | |
|---|---|---|---|
| 1. | निविदा साईट में उपलब्ध होने की तिथि | 10/02/2023 | - |
| 2. | RFP प्राप्ति एवं डाउनलोड करने की तिथि | 13/02/2023 | 10:00 AM |
| 3. | इच्छुक निविदादाता द्वारा स्थलीय निरीक्षण की तिथि | 14/02/2023 | 03:00 PM |
| 4. | प्री-बिड मिटिंग तिथि | 15/02/2023 | 12:00 PM |
| 5. | निविदादाता द्वारा ऑलाइन बिड डालने की प्राराम्भिक तिथि | 16/02/2023 | 10:00 AM |
| 6. | निविदादाता द्वारा ऑलाइन बिड डालने की अन्तिम तिथि | 25/02/2023 | 04:00 PM |
| 7. | तकनीकी निविदा की हार्ड कापी में जमा करने की अन्तिम तिथि | 26/02/2023 | 04:00 PM |
| 8. | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि | 27/02/2023 | 02:00 PM |
| 9. | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि | 28/02/2023 | 02:00 PM |

**( जगदीश चन्द्रा )**
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद,गदरपुर

**( गुलाब गौस )**
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद,गदरपुर


# सभासद के पिता के साथ मारपीट करने के आरोपी को किया गिरफ्तार

बागेश्वर(उद संवाददाता)। कोतवाली क्षेत्र में शांति व्यवस्था बाधित करने वालों के खिलाफ सख्त हो गई है।कोतवाली पुलिस में गुंडागर्दी के मामले आने पर अब गुंडागर्दी का परिणाम मुकदमा ही होगा।कोतवाल ने सभी लोगों से शांति व्यवस्था बनाने की अपील की है, वही अव्यवस्था फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। गोमती पुल में क्रिया घर के समीप दुकान चलाने वाले व्यापारी से मारपीट में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।बागनाथ वार्ड के सभासद धीरेंद्र परिहार की तहरीर पर पुलिस ने जांच शुरू कर तीन आरोपियों को पकड़ा। उन्हें न्यायालय में पेश किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक हिमांशु कुमार वर्मा ने मामले का पर्दाफाश किया।पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बीते चार फरवरी को नगर पालिका के सभासद ने कोतवाली में प्राथमिकी



दी। कहा कि उनके पिता बागनाथ वार्ड निवासी गोविंद सिंह परिहार दुकान चलाते हैं। उनके दुकान पर तीन लोग आए और धारदार हथियार से उन पर हमला कर दिया। वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी गई। कोतवाली में धारा 324 ओर 335 में अभियोग पंजीकृत किया गया। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कैलाश नेगी को आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए। सीओ के पर्यवेक्षण में टीम गठित की गई। पुलिस ने आरोपी नीरज कपकोटी पुत्र आनंद सिंह, निवासी गैरखेत, हरसीला, हिमांशु मेहता पुत्र गोपाल सिंह निवासी हरसीला और सचिन कठायत पुत्र कुंदन सिंह कठायत निवासी कठायतबाड़ा को गिरफ्तार किया। धारा 504, 506 और 34 में बढ़ोत्तरी की गई। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

अरोरा डेन्टल केयर
Dental Facilities / सुविधायें
डेंटल इंप्लान्ट की सुविधा आसान किस्तों में उपलब्ध
• दांतों की नसों का इलाज / RCT
• फिक्स दांत लगाना / Crown, Bridge & Dental Implant
• नकली दांतों का जबड़ा लगाना / Complete Denture
• टेड़े-मेड़े दांतों को सीधा करना / Ortho Treatment
• दांतों के रंग की फिलिंग / Composite Filling
• सफाई द्वारा पायरिया का इलाज / Ultrasonic Scaling
डा. गगनदीप गुम्बर B.D.S.,PGDHA (Oral Implantologist) M.9837081085
डा. अमरप्रीत सिंह अरोरा B.D.S.,(Dental Surgeon) M.9997327642
(15 साल का अनुभव)
1. J.K. Tower, Near Navrang Sweets, Janta Inter Collage Road, Rudrapur
Opp.Prabal Enclave, Near ICON School, Sidcul-Bigwara Road, Rudrapur, U.S. Nagar

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

# ग्राम पंचायत संतृप्तीकरण योजना के लिये डीएम ने दिये निर्देश

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त ने ग्राम पंचायतों के समग्र विकास हेतु ग्राम पंचायत संतृप्तीकरण योजना के सम्बन्ध में एक महत्वपूर्ण बैठक जिला कार्यालय सभागार में ली। जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त ने निर्देशित करते हुए कहा कि लाभार्थीपरक योजनाओं का लाभ प्रत्येक व्यक्ति तक पहुँचाने के उद्देश्य से आत्मनिर्भर उत्तराखण्ड की भावना के अनुकूल ग्राम पंचायतों के समग्र विकास एवं संतृप्तीकरण हेतु ''ग्राम पंचायत संतृप्तीकरण योजना का क्रियान्वयन किया जायेगा। जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त ने निर्देशित करते हुए कहा कि ग्राम पंचायतों के संतृप्तीकरण हेतु ग्राम पंचायतों की आवश्यकताओं का चिन्हांकन पूरी शुद्धता से इस प्रकार किया जाये कि ग्राम की कोई भी आवश्यकता कार्य योजना में शामिल होने से वंचित न रहे। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि गांव की आवश्यकताओं एवं योजनाओं के चिन्हांकन में किसी भी प्रकार की डुप्लीकेसी न हो। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि मल्टीपल सर्वे के साथ पर एक ही सर्वे किया जाये जिसमें सभी विभागों का डाटा शामिल हो। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि योजनाओं के पारदर्शिता से क्रियान्वयन हेतु योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रोग्रेस चरणबद्ध तरीके से फोटोग्राफ सहित ऑनलाइन दिखाई दे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा ने ग्राम पंचायत संतृप्तीकरण येजना के उद्देश्य, क्षेत्र एवं विस्तार, कार्य योजना निर्माण, कार्य योजना के निर्माण घटक के अनतर्गत आवश्यकता एवं चिन्हीकरण, कार्य योजना में सम्मिलित क्षेत्र, योजना में सम्मिलित 25 रेखीय विभागों, जनप्रतिनिधि सहभागिता, कार्य योजना के क्रियान्वयन, केन्द्राभिसरण एव संतृप्तीकरण नोडल अधिकारी आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मुख्य विकास अधिकारी रेखीय विभागों के अधिकारियों से विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिये। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि सर्वे के अन्तर्गत सभी परिवारों की हाउस होल्ड आईडी बनाई जाये, जिसमें सभी आवश्यक डाटा शामिल हो। उन्होंने अटल आवास योजनान्तर्गत पात्र व्यक्तियों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश सभी खण्ड विकास अधिकारियों को दिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, परियोजना निदेशक हिमांशु जोशी, मुख्य शिक्षा अधिकारी आरसी आर्य, जिला पंचायतराज अधिकारी रमेश चन्द त्रिपाठी, सहायक निदेशक मत्स्य संजय कुमार छिम्वाल, मुख्य उद्यान अधिकारी भावना जोशी सहित सम्बन्धित अधिकारियों के अलावा खण्ड विकास अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े थे।



# टचिंग ग्राउंड में तब्दील हो रहा पवित्र सरोवर गिरीताल

काशीपुर। गिरीताल कहने को तो हिंदू धर्म का पवित्र स्थान है पर इसकी पवित्रता सिर्फ कागजों तक है। धरातल पर इसे धार्मिक स्थल से ज्यादा टंचिग ग्राउंड बना दिया गया है। इसके सरोवर में सीवर और नालियों का गंदा पानी डालकर इसके कौन से पवित्र स्वरूप को कायम रखा गया है यह देखने की बात है। शहर में तमाम लोग खुद को हिंदू धर्म का स्वयंभू रक्षक मानते हैं लेकिन इन लोगो को इस धार्मिक स्थल की रक्षा करने में शर्म आती है। किसी राजनेता के समर्थन में इकट्ठा होने वाली भीड़ को बजबजाती गन्दगी अपने आप में समेटे गिरीताल की दुर्दशा नजर नहीं आती। मंदिर के आसपास लोग कूड़ा फेंक रहे हैं।ये कूड़ा फेंकने वाले कौन हैं?वही लोग जो खुद के धार्मिक होने का सिर्फ स्वांग रचते हैं। पूर्व में इसी गिरीताल से सटे एक अस्पताल द्वारा मेडिकल वेस्टेज फेंके जाने को लेकर मामला गरमाया था। स्थानीय लोगों के आक्रोश के चलते अस्पताल से कचरा फेंकना बंद कर दिया गया लेकिन अभी फिर से एक बार सूत्रों का कहना है कि अस्पताल की गंदगी व मेडिकल वेस्टेज पवित्र सरोवर की ताल में फेंका जा रहा है।

# कांग्रेस पार्टी हर मुद्दे पर करती है नकारात्मक राजनीति : प्रकाश रावत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रकाश रावत ने कहा कि जिस तरह कांग्रेस पूरे देशभर में अडानी के मुद्दे पर प्रदर्शन कर रही है और संसद भी नहीं चलने दे रही है। उन्होंने कहा कांग्रेस प्रत्येक मुद्दे पर नकारात्मक राजनीति करती है। आरबीआई व सेबी स्पष्ट कर चुके हैं, वित्तीय बाजार पूरी तरह नियंत्रित है। वहीं वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण भी साफ कर चुकी है कि सभी रेगुलेटर अपना काम कर रहे हैं और इस पर सरकार बारीकी से नजर बनाये हुए है। उन्होंने कहा रिजर्व बैंक ने भी इस पर विस्तृत स्पष्टीकरण दिया है कि देश के बैंकों ने सभी मापदंडों का पालन करते हुए विभिन्न कंपनियों को ऋण दिया है। वित्तीय बाजारों को रिजर्व बैंक, सेबी और अन्य नियामकों द्वारा विनियमित किया जाता है। रावत ने बताया कि कॉरपोरेट सेक्टर ने अतीत में भी उतार-चढ़ाव देखा है और सरकार मौजूदा स्थिति पर कड़ी नजर रख रही है। सभी जानते हैं विश्व्यापी समस्याओं के वावजूद भारत में फिलहाल किसी भी तरह की मंदी नहीं है और हमारी अर्थव्यवस्था दुनिया में सबसे तेज गति से बढ़ रही है। जिसका पुष्टि स्वयं आईएमएफ भी कर चुका है। लेकिन शायद कुछ राजनैतिक व नकारात्मक शक्तियों को देश की तरक्की हजम नही हो रही है।

# फर्म का नाम व जीएसटी नम्बर का दुरूपयोग करने का आरोप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एक फर्म का नाम, उसका जीएसटी नम्बर तथा व्यवसायिक चिन्ह किसी दूसरे व्यक्ति द्वारा दुरूपयोग करने का मामला सामने आया है। न्यायालय के आदेश पर आरोपी के खिलाफ पुलिस ने रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दर्ज रपट में गुलवीर सिंह, मैनेजिंग पार्टनर नेनो टैक्नीकल सर्विसेज ट्रेड नेम मै. नेनो टैक्नीकल सर्विसेज, आवास विकास रूद्रपुर ने कहा है कि उसका व्यवसायिक रजिस्ट्रेशन नेनो टैक्नीकल सर्विसेज ट्रेड नेम मै. नेनो टैक्नीकल सर्विसेज, आवास विकास रूद्रपुर व जीएसटी नम्बर पंजीकृत है। उसका आरोप है कि उसके व्यावसायिक नाम व जीएसटी तथा व्यवसायिक चिन्ह का गलत उपयोग दूसरा व्यक्ति संजय सिंह निवासी आवास विकास कालौनी रुद्रपुर, कर गैर कानूनी कार्य कर रहा है। इससे उसके व्यावसायिक प्रतिष्ठा और आर्थिक क्षति पहुँच रही है। उसके द्वारा किये जा रहे कृत्य की सूचना थाना ट्रांजिट कैम्प, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को भी दी। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# तस्करों द्वारा बेखौफ होकर जंगलों से की जा रही है कीमती लकड़ी की चोरी

गदरपुर(उद संवाददाता)। नजदीकी जंगलों में लकड़ी तस्करों द्वारा बेखौफ बेशकीमती लकड़ी की तस्करी करके वन विभाग के डर के बगैर घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। हाल ही में एक मामले में लकड़ी तस्कर वन विभाग की टीम के साथ गाली गलौज करते हुए सागवान के गिल्टे छोड़ रफूचक्कर हो गए। वन कर्मियों ने पुलिस को तहरीर सौंपकर लकड़ी तस्करों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। तहरीर में दी गई जानकारी के अनुसार वन बीट अधिकारी शाहनवाज, वन दरोगा अशोक कुमार गौतम और सुरक्षा श्रमिक सुरेश सिंह और नामली के साथ पीपल पड़ाव की पीपल पड़ाव रेंज की बीट में गश्त कर रहे थे। टीम जब प्लॉट नंबर 112 के पास पहुंची तो सामने से तीन बाइक आती दिखी बाइकों पर सागौन के गिल्टे लदे थे। वन कर्मियों ने बाइक सवारों को रोकने की कोशिश की तो तस्कर बाइक से गिल्टे गिरा कर भागने की कोशिश करने लगे कर्मियों ने पीछा कर उन्हें पकड़ने के लिए दौड़ लगाई तो तस्कर उनसे भिड़ गए। उन्होंने आरोप लगाया कि तस्कर वन कर्मियों से गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। वन कर्मियों ने फरार तस्करों में से दो की पहचान करते हुए पुलिस को उनके नाम पते देकर कार्रवाई की मांग की है। वन कर्मियों ने मौके से जप्त किए गए तीनों गिल्टो को पूर्वी चौकी में रखवाया वही पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# डीजीपी के नाम पर 10 लाख की ठगी,मुकदमा दर्ज

देहरदून (उद संवाददाता)। प्रदेश में लगातार ठगी के मामले सामने आ रहे हैं। ऐसा ही एक मामला राजधानी देहरादून से सामने आया है जहां डीजीपी के नाम पर ही 10 लाख की ठगी को अंजाम दिया गया। मामला सामने आने के बाद सभी को हैरानी हो रही है। देहरादून में डीजीपी के नाम पर ही ठगी को अंजाम दे दिया गया। मिली जानकारी के मुताबिक एक व्यक्ति ने वकीलों से डीजीपी अशोक कुमार के नाम पर 10 लाख रूपये ठग लिए। जिसके बाद वकीलों ने डीजीपी अशोक कुमार से इस की शिकायत की। जिसके बाद डीजीपी ने मामले का तुरंत संज्ञान लिया है। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सोमवार को विकासनगर के दो वकील डीजीपी से मिले। जिसके बाद उन्होंने डीजीपी को मामले की जानकारी दी। वकील सतीश कुमार और संजय कटारिया न उन्हें शिकायती पत्र देते हुए बताया कि भारत संवैधानिक अधिकार संरक्षण मंच के अध्यक्ष दौलत कुंवर ने उनसे डीजीपी के नाम पर पुलिस को डोनेशन देने के नाम पर 10 लाख रूपये की ठगी कर ली। आरोपी दौलत कुंवर विकासनगर का निवासी है। वकीलों को जब ठगी की एहसास हुआ तो उन्होंने अपने पैसे वापस मांगे। लेकिन आरोपी उन्हें टालता रहा। जिसके बाद दोनों ने इस बात की शिकायत डीजीपी से की। डीजीपी ने इस मामले में संज्ञान लेते हु आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। इसके साथ ही डीजीपी ने लोगों से अपील की है कि किसी भी तरह के बहकावे में ना आए। अगर कोई ऐसा करता है तो इस बात की शिकायत तुरंत ही पुलिस में करें।

# दहेज उत्पीड़न का मामला मारपीट में दर्ज

काशीपुर। दहेज की खातिर एक और विवाहिता को लोभी ससुराल वाले बुरी तरह प्रताड़ित करने पर उतारू हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति सास और ननद के खिलाफ मारपीट की धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर हजरत नगर मोहल्ला अल्ली खां निवासी रजिया खातून नाज ने बताया कि लगभग 3 वर्ष पूर्व उसका विवाह उपरोक्त मोहल्ला निवासी परवेज के पुत्र जावेद के साथ मुस्लिम रीति-रिवाज के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान कन्या पक्ष द्वारा सामर्थ्य अनुसार दान दहेज भी दिया गया लेकिन विवाहिता का आरोप है कि शादी के कुछ दिन बाद पति जावेद, सास आसमा तथा नंद शाइस्ता दहेज की खातिर उसे बुरी तरह प्रताड़ित करने लगे। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसके दो छोटे छोटे बच्चे हैं। पीड़िता का आरोप है कि मामूली बात पर उपरोक्त तीनों उसके साथ गाली-गलौज करते हुए बुरी तरह मार पिटाई करते हैं। हालिया घटनाक्रम का जिक्र करते हुए पीड़िता ने पुलिस को बताया कि बीते 3 फरवरी की रात उसकी सास ननंद ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए बुरी तरह मारपीट किया। इस दौरान मुंह खोलने की एवज में लोभी ससुरालियों द्वारा विवाहिता को जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने दहेज उत्पीड़न की उक्त मामले को धारा 323 504 506 आईपीसी के अंतर्गत दर्ज किया है।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद गदरपुर ( ऊधम सिंह नगर )

पत्रांक 741 / नीलामी सूचना / 2022-23 दिनाँक: - 06.02-2023

**-: नीलामी सूचना :-**

सर्वसाधारण एंव स्क्रेप क्रेता / विक्रेताओं ( कबाड़ वालों) को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद गदरपुर की बोर्ड बैठक प्रस्ताव सं0-05 दिनांक 16/01/2023 में पारित प्रस्ताव के अनुपालन क्रम में चिन्हित एंव एकत्रित सफाई / विद्युत उपकरण निष्प्रोज्य एंव अन्य सामग्री जैसे टूटा-फूटा लोहा, प्लास्टिक कैन की सार्वजनिक नीलामी (खुली बोली ) दिनांक 21/02/2023 की अपरान्ह 01 बजे बुद्धबाजार गदरपुर स्थित एम०आर०एफ० सेन्टर पर की जानी है।

बोलीदाता को दिनांक 20/02/2023 की अपरान्ह 02 बजे तक अपने जी०एस०टी० प्रमाण पत्र के साथ नकद एक लाख रूपये धरोहर धनराशि के रूप में जमा करना अनिवार्य होगा। बिना धरोहर धनराशि के बोली में प्रतिभाग नहीं कर सकेंगे। नीलामी सामग्री जहाँ है जैसी है के आधार पर बोलीदाता को बोली लगानी होगी। उच्चतम बोलीदाता को 02 दिन के भीतर अपने व्यय पर नीलामी सामग्री ले जानी होगी तथा उच्चतम बोली की समस्त धनराशि सामग्री उठाने से पूर्व पालिका में जमा करनी अनिवार्य होगी। साथ ही उच्चतम बोली / स्वीकृत बोली की धनराशि का 18% जी०एस०टी० जमा करनी होगी। गठित कमेटी / क्रय समिति की देखरेख में खुली बोली प्रक्रिया सम्पन्न होगी तथा कमेटी का निर्णय अन्तिम होगा। शेष शर्तें पालिका कार्यालय में देखी जा सकती हैं।

**( जगदीश चन्द्रा )**
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, गदरपुर
ऊधम सिंह नगर

**( गुलाब गौस )**
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, गदरपुर
ऊधम सिंह नगर

# पीपली जंगल में शुरू हुआ नकाड़ा शाह बाबा का उस,जायरीनों का आगमन हुआ तेज

गदरपुर(उद संवाददाता)। हजरत सैयद शब्बीर अली मियां उर्फ नकाड़ा शाह बाबा का तीन दिवसीय 472 वा सालाना उर्स मेला 7 फरवरी से शुरू हो गया स वही अल्लाह हू बाबा और इमाम साहब का भी 472 वा उर्स शुरू हो गया है। यह उर्स भी 6 फरवरी से 11 फरवरी तक चलता है , दोनों दरगाह उत्तराखंड की सीमा पीपली के डेम के पास पीपली जंगल में है और यहां पर उत्तराखंड सहित उत्तर प्रदेश से हजारों की संख्या में जायरीन आकर अपनी अपनी मन्नतें मांगते हैं। हजरत सैयद शब्बीर अली मियां उर्फ नकाडा शाह बाबा की दरगाह के गद्दी नशीन सलामत जान ने जानकारी देते हुए बताया कि सालाना 472 वा उर्स 7 फरवरी से 9 फरवरी तक रहेगा। 7 और 8 फरवरी को लंगर और 9 फरवरी को सुबह 10:00 बजे कुल शरीफ होगा। वही अल्लाह हू बाबा और इमाम साहब दरगाह के गद्दी नशीन बदलू मियां ने भी जानकारी देते हुए बताया कि मजार पर 472 वा उर्स 6 फरवरी से 11 फरवरी तक चलेगा। 5 दिन लंगर चलेगा लंगर में तंदूरी रोटी, दाल, तहरी, छोले पूरी, बनाकर उर्स में आने वाले सभी जनों को लंगर खिलाया जाएगा उर्स में छोटी मोटी खिलौनों की दुकानें भी लगाई जाती है उन्होंने बताया कि यहां पर अकीदत के साथ जो भी मन्नत मांगी जाती है वह पूरी हो जाती है।




# मुख्य कृषि अधिकारी पर फायर झोंकने वाला चालक गिरफ्तार

## अवकाश के दिन ड्यूटी पर बुलाने से नाराज होकर कर्मी ने कमरे में पहुंचकर अधिकारी पर किया था जानलेवा हमला

बागेश्वर(उद संवाददाता)। नगर में शनिवार रात्रि मुख्य कृषि अधिकारी के किराए के कमरे में घुसकर गोलीबारी की घटना से हर कोई स्तब्ध था, शांत वादियों में इस प्रकार अवैध असलहे से अधिकारी पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को कोतवाली पुलिस ने घटनाक्रम का बारीकी से जांच करने के बाद मुख्य आरोपी को कुछ ही घण्टों में पकड़ लिया। घटना की सूचना के बाद तहरीर मिलते ही कोतवाल कैलाश नेगी अपनी पुलिस टीम के साथ सक्रिय हो गए।अलग अलग पहलुओं के आधार पर विवेचना करने पर पूछताछ में विभाग के चालक के शामिल होने का मामला आया, जिसके बाद पुलिस ने तुरंत घटना के आरोपी की धरपकड़ शुरू कर दी।आरोपी अवकाश के दिन भी ड्यूटी में बुलाए जाने से तनाव में था। जिसको लेकर दो दिन पूर्व फोन पर भी अधिकारी से उसकी कहासूनी हुई थी। पुलिस ने आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया है। उसे न्यायालय में पेशी के बाद न्यायिक हिरासत में भेजा जाएगा।



पुलिस अधीक्षक हिमांशु कुमार वर्मा ने पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि पांच फरवरी को वादी मुख्य कृषि अधिकारी सुघर सिंह वर्मा पुत्र स्व. दीनदयाल वर्मा, स्थायी निवासी कानपुर रोड लखनऊ हाल स्थानीय आवास चौरासी ने प्राथमिकी दी। उन्होंने पुलिस को बताया कि चार फरवरी की रात उनके कमरे में उनका वाहन चालक 39 वर्षीय उमेद सिंह उर्फ उमेश कनवाल गया। उसने गालीगलौज की और जान से मारने की नीयत से गोली चला दी। आरोपी के विरुद्ध धारा 307 और 504 में मामला दर्ज किया गया। उसे मेहनरबूंगा के समीप समण ग्वल मंदिर से गिरफ्तार किया गया। उसके पास 315 बोर का तमंचा मय खोखा कारतूस भी बरामद हुआ है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि मुख्य कृषि अधिकारी उसे अवकाश के दिन भी बुलाते थे। वह अनावश्यक रूप से परेशान था। दो दिन पूर्व भी फोन पर अधिकारी से कहासूनी हुई थी। वह 2008 से कृषि विभाग का वाहन चला रहा है। उसे उपनल के माध्मय से तैनाती दी गई है। उसने यह बताया कि तनाव में आकर उसने यह कदम उठाया है।एसपी वर्मा ने कहा कि आरोपी उमेश कनवाल पुत्र दीवान सिंह, निवासी ढूंगा-पाटली, जिला बागेश्वर की विवेचना उपनिरीक्षक प्रहलाद सिंह के सुपुर्द की गई है। आरोपी को गिरफ्तार करने वाली टीम को पांच हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया गया है। चालक के पास तमंचा कहां से आया इसकी भी जांच चल रही है। कृषि विभाग के आरोपी चालक के विरुद्ध 2019 में धारा 307, 323, 504, 506 और 2020 में 323, 504 और 506 के दो मुकदमे दर्ज थे। न्यायालय ने उसे सभी मामलों में बरी किया है। टीम में कोतवाल कैलाश नेगी,वरिष्ठ उपनिरीक्षक प्रहलाद सिंह, हेड कांस्टेबल सुनील बहुगुणा, आरक्षी नरेंद्र गोस्वामी, तारा गड़िया शामिल थे।

# छात्र-छात्राओं को पेयजल गुणवत्ता जांच की विधि सिखायी

पंतनगर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड जैव प्रौद्योगिकी परिशद् (बायोटेक), हल्दी में रा.इ.का. शान्तिपुरी के 150 छात्र-छात्राओं ने परिशद् की अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं का भ्रमण कर



जैव प्रौद्योगिकी एवं उनकी गतिविधियों से अवगत हुए। परिशद द्वारा निदेशक डा. संजय कुमार के निगरानी में चलाए जा रहे कौशल विकास एवं जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत शैक्षणिक भ्रमण पर आए छात्र-छात्राओं ने परिशद् की अत्याधुनिक जलगुण्वत्ता परीक्षण, पादप ऊतक संर्वध न, एवं आण्विक जीवविज्ञान प्रयोगशाला का भ्रमण कर उसमें चल रहे शोध कार्यों एवं आधुनिक उपकरणों से भी रूबरू हुए। परिशद् के निदेशक एवं पंत विवि के प्राध्यापक डा. संजय कुमार नें छात्र-छात्राओं को जैव प्रौद्योगिकी के नवीन शोध व उसके अनुप्रयोगों से अवगत कराया तथा परिशद् के भावी योजनाओं पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने छात्र-छात्राओं को निकट भविश्य में जैवप्रौद्योगिकी के क्षेत्र में बढ़-चढ़ कर अध्ययन व शोध कार्यों में अभिरूचि लेने का आह्वान किया। बताया कि आज-कल इसका उपयोग ज्यादातर क्षेत्रों जैसे फसल उत्पादन व कृशि सुधार, चिकित्सा व स्वास्थ्य, उद्योग तथा पर्यावरण आदि में व्यापक स्तर पर किया जा रहा है। वैज्ञानिक एवं कार्यक्रम के समन्वयक डा. मणिन्द्र मोहन शर्मा ने जल गुणवत्ता, जल संरक्षण व स्वास्थ्य विशय पर व्याख्यान देकर पेयजल गुणवत्ता एवं उसके संरक्षण हेतु छात्र-छात्राओं को जागरूक एवं प्रेरित किया तथा भविश्य में होने वाले जल संकट से बचने के लिए वर्तमान में जल संरक्षण को जरूरी बताया। भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राओं ने पादप ऊतक संवर्धन, हाइड्रोपोनिक व एक्वापोनिक तकनीकी के साथ कैंसर होने के कारकों तथा उससे बचाव की भी जानकारी दी गयी। तकनीकी अधिकारी अनुज कुमार नें पेयजल गुणवत्ता जांच करने की विधि छात्र-छात्राओं को सिखायी। भ्रमण के दौरान वैज्ञानिकों ने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं के अनुरूप प्रश्नों के समाधान दिए। यहां परिशद् के वैज्ञानिक डा. मणिन्द्र मोहन, डा. कंचन कार्की, डा. सुमित पुरोहित तथा रा.इ.का. शान्तिपुरी के वीरेन्द्र सिंह कोरंगा, शिक्षक एन.पी. सिंह, राजेन्द्र शर्मा, फकीर चन्द्र, निहारिका पाण्डे, रीता पाण्डे जोशी, मंजुला कालरा, दीप्ति पाठक, रानी बसेड़ा, प्रभा राणा, नीरज देवतुल्य, अनिल कुमार, विपिन चन्द्र मिश्रा नें परिशद् का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे संस्थानों का भ्रमण छात्र-छात्राओं के बौद्धिक विकास में मददगार है।

# गोलज्यू महाराज का वार्षिक उत्सव आयोजित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।गोलज्यू महाराज स्थापना समिति राजपुरा के द्वारा आयोजित दो दिवसीय गोलज्यू महाराज का सातवां वार्षिक उत्सव का समापन हवन परायण व भंडारे के प्रसाद के साथ हुआ।भंडारे में सैकड़ों भक्तों ने गोलज्यू महाराज के प्रसाद का सेवन किया और महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। गोलज्यू महाराज



स्थापना समिति के अध्यक्ष रविंद्र बाली ने कहा कि हर वर्ष इस कार्यक्रम को आयोजित किया जाता है। इससे समाज में धार्मिक सद्भावना बढ़ती है। समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम का आयोजन होना समाज के लिए हितकारी है। इससे हमारे हिंदुत्व के विचारों में वृद्धि होती है और हमारी संस्कृति को बढ़ावा मिलता है। आशीर्वाद प्राप्त करने वालों में मेयर जोगेंद्र सिंह रौतेला, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट, प्रदीप बिष्ट, आनंद दर्मवाल, प्रकाश हरबोला, संदीप कुकसाल, हितेश चंद्र शर्मा, विनोद कश्यप, पवन साहू, पूरन आर्य, प्रकाश चंद्र, आकाश, दीपक आर्य, दिनेश सागर, अनुराग अग्रवाल, नंदकिशोर आर्य, राधेश्याम रावत, राजेश कुमार सहित अनेकों भक्त उपस्थित रहे।

# अर्सनल यूथ चैम्पियनशिप के फाइन्ल राउन्ड में पहुंची एमेनिटी स्पोर्ट्स एकेडमी की टीम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एमेनिटी स्पोर्ट्स अकादमी की टीम कार्बेट एफसी ने अर्सनल यूथ फुटबॉल चौम्पियनशिप के फाइनल राउन्ड के लिए प्रवेश कर लिया है। यह जानकारी देते हुए एमेनिटी स्पोर्ट्स एकेडमी के प्रबंधक सुभाष अरोड़ा ने बताया कि 2 फरवरी को दो मैच हुए। जिसमें पहला मैच अमेनिटी पब्लिक स्कूल तथा विषवुड कोटेज स्कूल के बीच हुआ। जिसमें अमेनिटी पब्लिक स्कूल ने 7;2 से बढ़त हासिल की। इसी दिन दूसरा मैच भी खेला जिसमें फिर से अमेनिटी पब्लिक स्कूल ने ही 10-0 से जीत हासिल की। जो कि अमेनिटी पब्लिक स्कूल बनाम परामाउन्ट पब्लिक स्कूल के बीच था। अगले दिन 3 फरवरी को फिर दो मैच खेले गए जिसमें पहला मैच अमेनिटी पब्लिक स्कूल बनाम स्ट्रॉबेरी फील्ड वर्ल्ड स्कूल के बीच हुआ जिसका स्कोर 8-3 रहा जिसमें अमेनिटी पब्लिक स्कूल ने ही जीत हासिल की।



दूसरा मैच भी उसी दिन खेला गया जो कि अमेनिटी पब्लिक स्कूल बनाम सेकट्रोम स्कूल के बीच खेला गया। जिसमें फिर से अमेनिटी ने ही अपना परचम लहरा 4-1 से जीत हासिल की और फाइनल राउन्ड के लिए अपना नाम दर्ज करवाया। अब फाइनल राउन्ड गोवा में होगा जो टीम फाइनल के लिए क्वालिफाइ करेगी वो लंदन में खेलेंगी। टीम के कोच अमित वर्मा व असिस्टेंट कोच अमित कुमार मैनेंजर ने बताया कि खिलाडियों ने बहुत मेहनत की जो रंग लाई है। प्रबंधक सुभाष अरोरा, प्रधानाचार्या श्रीमती इंदिरा त्रिपाठी, प्रोवोस्ट श्रीमती गुरविंदर कौर सूरी ने भी खिलाड़ियों को बधाई दी। प्रबंधक श्री अरोरा ने बताया कि अमेनिटी स्पोर्ट्स अकादमी ने क्रिकेट व फुटबॉल दोनो में ही अंतराष्ट्रीय स्तर पर अपना नाम कमाया है। आगे भी ऐसे ही उत्तराखंड व स्कूल का नाम रोशन करते रहेंगे।


# ट्रांजिट कैंप में पुलिस ने फुटपाथ पर अतिक्रमण करने वालो पर कसा शिकंजा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में पुलिस ने फुटपाथ और सड़क किनारे अतिक्रमण कर दुकान सजाये बैठे दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुये दर्जनों दुकानदारों के पुलिस एक्टके तहत चालान काटे और कई दुकानदारों का कोट का भी चालान काटे। साथ ही चेतावना भी दी। सोमवार को एसआई पूरन सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने सिडकुल ढाल से शिवनगर तक



अवैध रूप से सड़क व फुटपाथ पर दुकानें सजाये बैठे सब्जी ठेली वालों और दुकानदारों के खिलाफ अतिक्रमण करने पर कार्रवाई शुरु की। पुलिस की कार्रवाई के दौरान वहां पर हड़कंप मच गया। इस दौरान पुलिस ने अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों पर 81 पुलिस एक्ट के तहत दर्जनों के चालान काटे और उनसे अर्थदंड बसूला। इसके साथ ही पुलिस ने तीन दुकानदारों के खिलाफ दुकान के आगे सड़क पर अतिक्रमण करने पर 10-10 हजार रुपए के कोर्ट के चालान काटे। एसआई पूरन सिंह ने बताया कि सड़क पर अतिक्रमण करने से यातायात बाधित हो रहा। लोगो को पैदल निकलना दूभर हा रहा। उन्होंने बताया कि अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी दी कि अगर दोबारा अतिक्रमण कर यातायात बाधित किया तो कड़ी कार्रवाई की जायेगी। इस दौरान एसआई धीरज कुमार,एसआई विकास रावत समेत पीएपी कर्मी शामिल रहे। बता दें कि ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में सड़क पर अतिक्रमण होने से यातायात बाधित हो रहा। लोगो को निकलना दूभर हो गया।

Anant Graphics
ANANT GRAPHICS
We Deals In
All Kinds of Printing Solution...
Price | Time | Quality
Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing
Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur
More information call us
98377 77818
E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com



शिवरात्रि के पावन पर्व पर भोले बाबा का कीर्तन

दिनांकः 16 फरवरी 2023 सांय 3 बजे, दिनांक 17 फरवरी 2023 प्रातः 10 बजे से

स्थान–नेक्सा ट्रूवेल्यू, काशीपुर रोड
ग्रीन पार्क गेट के सामने, रुद्रपुर

भंडारा और कांवरियों की सेवा में निरंतर रहेगा। कांवरियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था रहेगी।

आयोजक–श्री शिव सेवा संस्थान
एवं सांध्य दैनिक उत्तरांचल दर्पण

# सरकारी इंटर कॉलेज निर्माण के लिये कवायद शुरु

## विधायक शिव अरोरा ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों संग भूमि का स्थलीय निरीक्षण किया

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। इंटर कालेज निर्माण को लेकर विधायक शिव अरोरा ने कसी कमर शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ गांगपुर रोड स्थित शैलजा फार्म पर नगर निगम की जमीन का स्थलीय निरीक्षण किया। आपको बता दे विधायक बनने के बाद से लगातार रुद्रपुर के विकास को लेकर कई महत्वपूर्ण कार्यो पर शिव अरोरा कार्य कर रहे । आपको बता दे 1952 के बाद से रूद्रपुर में 70 साल बीत गये अदित्यनाथ झा कॉलेज के बाद कोई सरकारी इंटर कॉलेज का निर्माण नही हुआ। कहा 2006 मे बालिका कालेज का निर्माण प्रीत विहार में हुआ था जिसमे सिर्फ बालिकाएं ही शिक्षा ग्रहण करती है। विधायक शिव अरोरा ने कहा रुद्रपुर में सिडकुल आने से यहाँ की आबादी चार लाख से भी अधिक हो गयी है जिसको देखते हुए ट्रांजिट कैम्प, जगतपुरा ,मुखर्जीनगर,संजय नगर खेड़ा, खेड़ा , शिव नगर ,गड्ढा कालोनी जैसी घनी आबादी के क्षेत्रो में हमारे गरीब परिवार रहते हैं जिनके बच्चो को शिक्षा ग्रहण करने के लिये शहर क्षेत्र में लगभग दो से ढाई किलोमीटर दूर जाना पड़ता है और उसमें भी गरीब परिवार ऐसे हैं जो उनकी शिक्षा का खर्च वहन नही कर पाते और काफी बड़ी संख्या में बच्चे शिक्षा से वंचित रह जाते हैं । विधायक शिव अरोरा ने निश्चित रूप से इन घनी आबादी क्षेत्र की जरूरत को देखते हुए आज शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ गंगापुर रोड स्थित शैलजा फार्म पर भूमि का निरीक्षण किया है और यह भूमि के आस पास बहुत बड़ी आबादी वाले क्षेत्र लगे हुए हैं ,विधायक ने बताया निश्चित रूप से इसको लेकर खण्ड से प्रस्ताव जिला शिक्षा अधिकारी के यह से निदेशालय के माध्यम से प्रस्ताव शासन में विचाराधीन है और शासन स्तर पर भी इंटर कॉलेज निर्माण को लेकर विधायक स्वयं भी इसके निर्माण का रास्ता जल्दी साफ हो इसके लिये लगातार प्रयास कर रहे हैं। शिव अरोरा ने कहा विधायक बनने बाद से ही उनके एजेंडा में था कि ट्रांजिट कैम्प ओर उसके आस पास के क्षेत्र के बच्चो के लिये एक सरकारी इंटर कॉलेज का निर्माण हो जिसको लेकर प्रस्ताव शासन पर प्रस्ताव विचारधीन है ओर उन्होंने उम्मीद जाती की आने वाले समय मे शासन स्तर पर कार्यवाही पूर्ण होते ही इसके निर्माण का कार्य धरातल पर नजर आयेगा। विधायक ने कहा इंटर कालेज के निर्माण से हमारे गरीब परिवार के बालक बालिकाओं को इनका सीधा लाभ मिलेगा और हमारे बच्चे अपने निकटम क्षेत्र में रह के अच्छी शिक्षा ग्रहण करे इसके चलते विधायक ने भूमि निरीक्षण किया। विधायक ने कहा इंटर कॉलेज निर्माण को लेकर वह स्वयं शासन स्तर पर प्रयास कर रहे हैं । रुद्रपर क्षेत्र की घनी आबादी को देखते हुए यह क्षेत्र की जरूरत भी है और एक सुविधाओं से पूर्ण इटर कालेज निर्माण का लाभ क्षेत्रवासियों को मिलेगा। विधायक शिव अरोरा ने कहा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन में ओर प्रदेश के शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत के निर्देशन पर कक्षा 6 से 12 तक के सरकारी इंटर कॉलेज निर्माण का कार्य जल्द अस्तित्व में आयेगा ऐसा विश्वास है,विधायक शिव अरोरा ने कहा वह रुद्रपुर क्षेत्र के विकास को लेकर सदैव कार्य कर रहे हैं एक आदर्श विधानसभा के रूप में आने वाले समय मे रुद्रपुर विधानसभा नजर आयेगी ऐसा उन्होंने विश्वास व्यक्त किया। इस दौरान मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी आर सी आर्य, खण्ड शिक्षा अधिकारी डॉ राजेंद्र सिंह , मण्डल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, सुरेश कोली, राधेश शर्मा, किरण राठौर, प्रेमपाल, प्रीत ग्रोवर, मयंक कक्कड़, किरन विर्क, कृष्ण पाल, मदन दिवाकर, राजेन्द्र राठौड़,रोबिन विश्वास, सोनू वर्मा,हीरा लाल, व अन्य लोग मौजूद रहे।





# 50 पेटी अंग्रेजी शराब सहित एक पकड़ा, साथी फरार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पुलिस एवं एसओजी टीम ने औचक दबिश में 50 पेटी में भरी 25 अलग-अलग ब्रांड की अंग्रेजी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया जबकि उसका साथी मौके से भागने में कामयाब हो गया। पुलिस ने शराब कब्जे में लेकर दोनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार हरेन्द्र चौधरी, प्रभारी निरीक्षक व राजवीर नेगी प्रभारी एसओजी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में शांति व्यवस्था कानून व्यवस्था एवं अवैध नशे की तस्करी की रोकथाम करने के लिए की जा रही चेकिंग के दौरान गोबिंदपुरा भोटिया पड़ाव में अंग्रेजी शराब की कई पेटियों के साथ दो व्यक्ति खड़े दिखाई दिए। पुलिस टीम को देखकर जब उन्होंने छिपने की कोशिश की तो संदेह होने पर पुलिस टीम वहां आ पहुंची। पुलिस को आता देख एक व्यक्ति मौके से भाग गया। जबकि दूसरे को पुलिस ने दबोच लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता गुरप्रीत सिंह उर्फ मोन्टू पुत्र अमरीक सिंह निवासी गोविन्दपुर सुभाषनगर भोटिया पडाव बताया। उसके घर के बाहर उतारी गयी लगभग 25 अलग-अलग बांड की 50 पेटियों में भरी अवैध शराब की कुल 419 बोतल बरामद हुई। अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने बताया कि वह अन्य बाहरी जनपदों से सस्ते दामों में शराब खरीदकर लाता है और हल्द्वानी और पहाडी जनपदो में ऊंचे दामों में अवैध तस्करी करता है। उसने अपने फरार साथी का नाम यहीं का निवासी अमन पुत्र रविन्द्र बताया। पुलिस व एसओजी टीम में वरिष्ठ उप निरीक्षक विजय मेहता, राजवीर सिंह नेगी, प्रभारी एसओजी, महिला उनि मन्जू ज्याला, हेकानि. कुंदन सिंह कठायत, त्रिलोक रौतेला, कानि. प्रकाश बराल, घनश्याम रौतेला, अशोक रावत, भानू प्रताप, अनिल गिरी, दिनेश नगरकोटी शामिल थे।



उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# चीनी ऐप से फर्जीवाड़ा

भारत ने एक बार फिर इंटरनेट की दुनिया में बढ़ते जोखिम के मद्देनजर बड़ी कार्रवाई करते हुए यह सख्त संदेश दिया है कि अगर आधुनिक तकनीकी के नाम पर धोखाधड़ी या ठगी जैसी अवांछित गतिविधियां चलाई जाएंगी तो उसे निर्बाध नहीं छोड़ा जा सकता। यह कोई छिपा तथ्य नहीं है कि स्मार्टफोन या टैब के जरिए कुछ सुविधाओं के लिए लोग अलग-अलग ऐप के इस्तेमाल पर निर्भर होते जा रहे हैं। मगर सुविधा के साथ-साथ कई ऐप आज ठगी और धोखाधड़ी का भी हथियार बन रहे हैं। इस तरह के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी के मद्देनजर इनसे सावधान रहने और बचने की सलाह तो दी जा रही थी, मगर जागरूकता की कमी की वजह से कई लोग इसके शिकार हो जाते थे। ऐसे ज्यादातर ऐप चीन में बनाए गए और वहीं से संचालित भी होते हैं। इसी के मद्देनजर सरकार ने इस बार दो सौ बत्तीस चीनी ऐप पर प्रतिबंध लगाने का आदेश देकर यह बताने की कोशिश की है कि अगर तकनीकी को फर्जीवाड़े का हथियार बनाया जाएगा तो ऐसा करने के लिए उसे खुला नहीं छोड़ा जाएगा। गौरतलब है कि इससे पहले भी सरकार कई चरणों में चीन आधारित ऐप पर पाबंदी लगा चुकी है, ताकि इनके जरिए अवांछित गतिविधियों पर रोक लगाई जा सके। लेकिन इंटरनेट की दुनिया इतनी विस्तृत है कि धोखाधड़ी करने वाले कोई नया चोर दरवाजा तलाश लेते हैं। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि सरकार ने इस बार जिन दो सौ बत्तीस ऐप पर पाबंदी लगाने का आदेश जारी किया, उनमें एक सौ अड़तीस सट्टा लगाने वाले और चौरानबे ऋण देने के नाम पर अपना कारोबार चला रहे थे। ऋण देने वाले ऐप के जरिए लोगों को मामूली दर पर पैसा मुहैया कराया जाता है, मगर किसी ग्राहक के इस जाल में फंसने के बाद उनसे तीन हजार फीसदी तक ब्याज की रकम वसूली की जाती है। अगर कोई व्यक्ति ऐसा करने में सक्षम नहीं होता तो उसे कई तरह से परेशान किया जाता है। ऐसी अनेक खबरें आ चुकी हैं, जिनमें इन ऐप के जरिए कर्ज के जाल में फंसे कुछ व्यक्तियों ने आत्महत्या तक कर ली। इसके अलावा, कई ऐप का बेजा इस्तेमाल जासूसी और झूठा प्रचार के तौर पर भी किए जाने की आशंका खड़ी हो रही थी। इनसे भारतीय नागरिकों की निजी जानकारियों या डेटा की सुरक्षा पर जोखिम पैदा हो सकता था। जाहिर है, ये ऐप एक तरह से देश में अस्थिरता पैदा करने के लिहाज से भी खतरनाक साबित हो सकते थे। दरअसल, आधुनिक तकनीकी और विज्ञान ने मनुष्य के जीवन को आसान और बेहतर गुणवत्ता से लैस किया है। लेकिन यह भी हुआ है कि इसके इस्तेमाल के साथ कई तरह के जोखिम भी सामने आए हैं। खासतौर पर जिस तरह की तकनीकी ने अपने विस्तार के साथ आम लोगों तक पहुंच बनाई है, उसी अनुपात में उनके उपयोग को लेकर जागरूकता और प्रशिक्षण का स्तर अभी काफी कम है। उदाहरण के लिए स्मार्टफोन संवाद के अलावा कई तरह के काम की सुविधा और गुणवत्ता के लिए एक बेहतर तकनीक है। लेकिन इसमें अलग-अलग ऐप के रूप में रोज जुड़ रही नई सुविधाएं प्रथम दृष्टया बेहद उपयोगी लगती हैं, मगर उनका उपयोग जोखिम भी साथ लाता है। पिछले कुछ समय से इन ऐप का इस्तेमाल करने वाले बहुत सारे लोग विभिन्न रूपों में धोखाधड़ी का शिकार हो रहे हैं। इसलिए सरकार ने चीन में तैयार ऐप पर पाबंदी का आदेश दिया है तो इसे भारत में आम लोगों के हित में लिया गया फैसला कहा जा सकता है।

# कांग्रेस ने फूंका केंद्र सरकार का पुतला

बागेश्वर। केंद्र सरकार की जन विरोधी नीति के खिलाफ कांग्रेस में जबरदस्त गुस्सा है।कांग्रेस ने केंद्र सरकार को पूंजीवादियों की सरकार होने का आरोप लगाया। नाराज कार्यकर्ताओं ने केंद्र सकार का पुतला दहन किया। साथ ही एलआईसी व एसबीआई कार्यालय के समाने धरना दिया। सरकार पर अडानी समूह को लाभ पहुंचाने का भी आरोप लगाया है। जल्द नीति में बदलाव लाने की मांग की है। जिलाध्यक्ष भवगत डसीला के नेतृत्व में कार्यकर्ता सोमवार को एसबीआई और एलआईसी कार्यालय के बाहर पहुंचे। यहां नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। इसके बाद एलआईसी के बाहर धरना दिया। यहां हुई सभा में पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने जीवन बीमा निगम व भारतीय स्टेट बैं एवं अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से अपने उद्योगपति मित्र अडानी समूह में जबरदस्ती निवेश कराया गया है।वही पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण ने कहा कि भाजपा देश को गुमराह कर रही है, न खाएंगे न खाने देंगे की जुमलेबाजी से गरीब को महंगाई से गरीबी के दलदल में धँसाया जा रहा है, जबकि अपने चहेते पूंजीपतियों को लाभ दिलाने



के लिए विभिन्न प्रकार के पैंतरे अपनाए जा रहे है, भारत जोड़ो यात्रा के दौरान देश मे लोग जागरूक हुए है, देश मे बदलाव के स्पष्ट संकेत मिले है।उन्होंने लोगों से आत्म मंथन कर जुमलेबाजी से बचने की अपील की। एलआईसी द्वारा पॉलिसी धारकों का 39 हजार करोड़ रुपया अडानी समूह में निवेश कराया गया है। जिससे पॉलीसी धारकों को 33060 करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ रहा है। साथ ही सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय स्टेट बैंकों का आडानी समूह पर 80 हजार करोड़ रुपये का बकाया है। कांग्रेस सरकार की इस तरह की दादागिरी कतई सहन नहीं करेगी। केंद्र की जनविरोधी नीति को कतई नहीं पनपने दिया जाएगा। लोगों को भी इसके लिए जागरूक किया जाएगा। इसके बाद नाराज कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार का पुतला दहन किया। इस मौके पर राजेंद्र टंगड़िया, रंजीत दास,नगर अध्यक्ष सुनील पांडे,विनोद गढ़िया,भीम कुमार, सुनीता टम्टा, लक्ष्मी धर्मशक्तू,राजेन्द्र परिहार, बहादुर सिंह परिहार, महेश पंत सहित दर्जनों कांग्रेसी मौजूद रहे।

# तयुनेरा-नदीगांव बाइपास मार्ग खस्ताहाल

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिला मुख्यालय को जोड़ने वाली बाइपास रोड खस्ताहाल हो गई है। इंटर कालेज से त्यूनरा गांव को जोड़ने वाली बाइपास सड़क की गुणवत्ता इतनी घटिया है कि निर्माण के कुछ साल बाद ही सड़क के बीच में बड़ा सा गड्ढा बन गया है, जो कि दुर्घटना का कारण बना हुआ है।सड़क में मनमाने तरीके से निर्माण कार्य करने,सड़क में हो रहे मनमाने विकास से सड़क के चौड़ीकरण के लिए सड़क किनारे मनमाने निर्माण कार्य होने से सड़क के चौड़ीकरण में भी भविष्य में बाधा पहुँचेगी। सड़क में भारी माल वाहनों के चलने के लिए सड़क की चौड़ाई भी कम काटी गई है, लोगों ने जिला प्रशासन और कार्यदाई संस्था पर सड़क निर्माण की सुध नही लेने का आरोप लगाया। जबकि सड़क किनारे मनमाने ढंग से भवनों के निर्माण के



बाद भविष्य में सड़क चौड़ीकरण में बाधा पहुँचने की संभावना जताई, वही प्रशासनिक मिलीभगत का लोगों ने आरोप लगाते हुए रसूखदारों को संरक्षण देने का भी आरोप लगाए है। ग्रामीणों ने बताया कि जब से बाइपास रोड बनीं है तब से उनका जीना मुश्किल हो गया है। धूल, व कीचड़ से लोग पहले से ही परेशान हैं, अब सड़क के बीच में बना गड्ढा दुर्घटना का कारण बना हुआ है। सड़क में दिनरात वाहन चल रहे हैं ऐसे में कभी भी बड़ी दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई है।उत्तरायणी मेले में एक कार भी दुर्घटना ग्रस्त हो गई थी, वही जिला प्रशासन कार्यदाई संस्था लोनिवि द्वारा कई सालों से मार्ग में डामरीकरण नही करने, रसूखदारों को निर्माण कार्य के लिए खुली छूट देने का आरोप लगाया।लोगों ने पूर्व में जिला प्रशासन से लिखित शिकायत के बाद भी मिलीभगत कर कोई कार्रवाई नही करने का आरोप लगाया।स्थानीय लोगों ने जिलाधिकारी से एक बार अधिकारियों के साथ सड़क का सर्वे करने,और मनमानी करने वाले, और निर्माण कार्य मे लापरवाही करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने की अपील की।



# ऑपरेशन निश्चय से दिलायगें नशे की लत पर विजय : प्रदीप कुमार

## मासिक अपराध गोष्ठी में एसएसपी ने दिये अधीनस्थों को दिशा-निर्देश, स्वच्छता व फिटनेस पर दिया विशेष जोर





अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। एसएसपी प्रदीप कुमार राय ने पुलिस कार्यालय के सभागार में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारीगणों, समस्त थानाध्यक्षों, शाखा प्रभारियों व अन्य अधिकारी कर्मचारी के साथ सम्मेलन व मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें उन्होंने कई दिशा निर्देश दियें। सर्वप्रथम उन्होंने प्रत्येक थानों से आये सभी अधिकारियों व कर्मचारियों का सम्मेलन लेकर उनकी समस्याओं को सुनकर निराकरण किया। इसके उपरान्त मासिक अपराध गोष्ठी में मुख्यतः निम्न बिन्दुओं पर चर्चा कर कार्यवाही हेतु मातहतों को दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने थानों में पंजीकृत अपराध आकड़ों की समीक्षा कर विवेचनाओं को अनावश्यक लम्बित न रखने, लम्बित विवेचनाओं का गुणवत्तापूर्वक शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिये। लंबित शिकायती प्रार्थना पत्रों जांचों का शीघ्र निस्तारण करने व सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त शिकायतों को भी निर्धारित समयावधि में निस्तारण करने हेतु कड़े निर्देश दिये। उन्होंने कहा न्यायालय से जारी आदेशिकाओं की शत प्रतिशत तामीली सुनिश्चित की जाय तथा न्यायालय संबंधित मामलों में किसी प्रकार की लापरवाही नही की जाय। सभी थाना प्रभारी अपने-अपने थानों के वांछित ईनामी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन करते हुए शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करें। थाना परिसर में खड़े लावारिस मुकदमों से संम्बधित वाहनों के निस्तारण हेतु कार्यवाही कर शीघ्र निस्तारण कराये। साईबर फ्राड की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने तत्काल कार्यवाही कर सम्बन्धित बैंक खातों को फ्रीज कराने की कार्यवाही करने को कहा। मादक पदार्थो की तस्करी/बिक्री करने वालों के विरुद्ध निरन्तर प्रभावी कार्यवाही करने और अवैध मादक पदार्थो की वाणिज्यिक मात्रा में बरामदगी होने पर गिरफ्तार अभियुक्तों की सभी सम्बन्धित विभागों से चल/अचल सम्पत्ति की जाँच कराकर सम्पत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा यातायात व्यवस्था सुदृढ बनाये रखने हेतु यातायात जागरुकता अभियान चलाने व यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों पर चालानी कार्यवाही की जाय। सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु शराब पीकर वाहन चलाने, रैश ड्राइविंग, ओवर लोड, ओवर सवारी, बिना हेलमेट, मोबाईल फोन का प्रयोग कर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध सघन चौकिंग अभियान चलाकर कार्यवाही की जाय। सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की मदद करने वाले लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए गुड समेरिटन स्कीम का प्रचार पर कर लोगों को जागरुक करें। मदद करने वाले लोगों को योजना के तहत पुरस्कृत भी किया जाय एमवीएक्ट में चालानी कार्यवाही ई-चालान मशीन से ही की जाय और ई-पेमेण्ट को प्राथमिकता दी जाय। उन्होंने कहा कि सभी थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में जन जागरुकता कार्यक्रम आयोजित कर जनमानस को साईबर अपराध, महिला अपराध /सुरक्षा, बाल अपराध, मानव तस्करी, यातायात नियम, उत्तराखण्ड पुलिस एप, गौरा शक्ति व नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरुक करें। सभी प्रभारी अपने-अपने अधीनस्थों को फिट व तनावमुक्त रखने हेतु थाना/चौकी व पुलिस लाईन में खेल कूद का आयोजन करायें। प्रत्येक रविवार को थाना चौकी पुलिस लाईन/फायर स्टेशन व शाखाओं कार्यालयों में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई रखना सुनिश्चित करें। ट्रैफिक आई का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार कर लोगों को चालान की प्रकिया से जागरुक कर चालानी कार्यवाही हेतु प्रेरित किया जाय। उन्होंने पुलिस कर्मियों को बेहतर फिटनेस बनाने हेतु प्रेरित करते हुए कहा कि प्रत्येक मॉह फिट पुलिस कर्मियों को फिटनेस रोल मॉडल चुना जायेगा और पुरस्कृत किया जायेगा। सभी थाना प्रभारी ऑपरेशन निश्चय का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करेंगे जिससे नशे की लत से जूझ रहे लोगों की ई काउंसलिंग के तहत डाक्टर, मनोचिकित्सक व अन्य अनुभवी काउंसलरों की सहायता से नशे की लत छुडवाने की कार्यवाही की जायेगी। सड़क सुरक्षा सत्याग्रह को सफल बनाने हेतु अधिक से अधिक लोगों, बच्चों को जागरुक कर प्रभावी कार्यवाही करें। गोष्ठी में पुलिस कार्यालय व थाना चौकी पुलिस लाईन में कार्यालयों में नियुक्त समस्त स्टॉफ को पूर्ण मनोयोग से कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया। थानों में स्थापित महिला हेल्प डेस्क में नियुक्त महिला कर्मियों को शिकायतकर्ता महिलाओं के साथ सहेली की तरह व्यवहार रखते हुए उनकी समस्याओं का निवारण करने हेतु निर्देशित किया गया। अपराध गोष्ठी में सीओ रानीखेत टीआर वर्मा, सीओ ऑपरेशन/यातायात ओशिन जोशी, सीओ संचार राजीव कुमार टम्टा, प्रभारी ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी बिन्देश्वरी प्रसाद टम्टा, निरीक्षक अभिसूचना इकाई कमल कुमार पाठक, प्रतिसार निरीक्षक जितेन्द्र पाठक, वाचक निरीक्षक अशोक धनकड़, निरीक्षक यातायात गणेश सिंह हरड़िया, निरीक्षक दूरसंचार उमाशंकर पाण्डे, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अल्मोड़ा राजेश कुमार यादव, प्रभारी निरीक्षक रानीखेत नासिर हुसैन, थानाध्यक्ष द्वाराहाट निरीक्षक अजय लाल साह, थानाध्यक्ष भतरौजखान निरीक्षक संजयपाठक, एफएसओ रानीखेत एमपी सिंह सहित जनपद के सभी थाना एसओजी/एएनटीएफ एवं शाखा प्रभारी अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## कुंवर मानवेन्द्र सिंह का रुद्रपुर आगमन पर किया स्वागत

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तरप्रदेश लोकतन्त्र सेनानी संघ के महासचिव एडवोकेट सुभाष छाबड़ा लोकतन्त्र सेनानी व कस्तूरीलाल तागरा ने आज उत्तरप्रदेश विधानपरिषद के सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह का रुद्रपुर आगमन पर उनका स्वागत किया और शिष्टाचार भेंट की। विधानपरिषद सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह लखनऊ विश्विद्यालय में साथ साथ पढ़े और 1970 के दशक में



विद्यार्थीपरिषद में भी साथ साथ काम किया। विधानपरिषद सभापति झांसी जिला कारागार और बरेली सेंट्रल जेल में आपातकाल के दौरान साथ साथ मीसा के अंतर्गत बन्द भी रहे थे। श्री सिंह निजी प्रवास पर आज किच्छा आएं हैं और समय निकाल कर अपने सहपाठियों सुभाषछाबड़ा तथा कस्तूरीलालतागरा से विशेष रूप से मिलने आए जिसके लिए दोनों पुराने सहपाठियों ने उनका आभार व्यक्त किया।

## तीन घण्टे में किया चोरी की घटना का पर्दाफाश, माल सहित एक गिरफ्तार



अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। पुलिस ने चोरी की घटना का मात्र 3 घंटे में पर्दाफाश करते हुए चोरी के माल सहित चोर को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार अविनाश पंवार ने कोतवाली में तहरीर दी कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा रात्रि में उसकी सब्जी मण्डी स्थित दुकान का ताला तोड़कर दुकान के गल्ले में रखे 7780 रुपये, 1मोबाइल, ,बैंक पासबुक चैकबुक व आधार कार्ड चोरी कर लिया गया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।' प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अल्मोड़ा राजेश कुमार यादव ने अभियोग के अनावरण हेतु वरिष्ठ उपनिरीक्षक सतीश चन्द्र कापड़ी के नेतृत्व में टीम का गठन किया। पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल सब्जी मंडी अल्मोड़ा के निकट लगे सभी सीसीटीवी कैमरों का गहनता से अवलोकन करने के पश्चात घटना में शामिल अंशुल कुमार की पहचान की जो पूर्व में भी चोरी की घटना में जेल जा चुका है। पुलिस टीम द्वारा अंशुल कुमार को उसके घर भ्यारखोला से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी किये गये रुपये 7,780, एक मोबाइल, बैंक पाबुक/चैकबुक व आधार कार्ड बरामद कर लिया। पुलिस टीम में वरिष्ठ उप निरीक्षक सतीश चंद्र कापड़ी, हेड कानि. जनार्दन भट्ट, कानि. खुशाल राम व केशव भौत शामिल थे।

**ये जीवन..**

विचारो की उधेड़बुन मे लगा ये मन
क्या ये ही है संसार कभी ये उड़ता मन
पहुच जाये हजारो मील दूर
अपनी ही धुन मे
विचारता, बार बार एक ही विचार
कभी, हजारो मील, पीछे पहुचता
अपने अतीत के झरोखो मे झांकता मन
देखता अपना खोया बचपन, माँबाप
पुराने साथी, स्कूल, क्लास,
मकान, खेल का मैदान
ढूढ़ता, वहां अपने होनेका अहसास
सोचता, क्या समय था वह
जब मुझे भी, अपने होने का न था भान
अतीत से, वर्तमान पूछता प्रश्न
अतीत से वर्तमान के बीच का समय
क्या यही है जीवन
संभावित, फिर भविष्य क्या यही है
जीवन की कशमकश
एक दिन अपने गंतव्य की
और पहुच जायेगा
प्याज के छिलको की तरह
अंत मे कुछ नजर नही आयेगा
और यही जीवन कहलायेगा।

**-नरेश छाबडा, रुद्रपुर**

## प्रधानमंत्री मुद्रा लोन योजना के नाम पर ठगी करने वाले तीन गिरफ्तार

देहरादून। देहरादून में एसटीएफ की टीम ने प्रधानमंत्री मुद्रा लोन योजना के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले तीन शातिर ठगों को गिरफ्तार किया है। बता दें कि ये लोग सहस्त्रधारा रोड के अमित बिहार कॉलोनी में एक फर्जी कार्यालय संचालित कर रहे थे। आरोपियों के खिलाफ लोगों को प्रधानमंत्री मुद्रा लोन योजना के तहत झांसा देने का आरोप है। एसटीएफ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आयुष अग्रवाल ने बताया की एसटीएफ को एक लीड मिली थी। जिसके बाद टीम ने सहस्त्रधारा रोड के अमित विहार में छापा मारा। वहां पर यह गिरोह प्रधानमंत्री मुद्रा लोन योजना के बारे में लोगों को फोन कर योजना का लाभ देकर लोन लेने के लिए कहते हैं। साथ ही उनसे इंश्योरेंस के तौर पर 2000 रुपए और रिफंडेबल के रूप में आरटीजीएस के तहत 5000 से 10 हजार रुपए तक की मांग करते थे। एसटीएफ ने मौके से 3 अभियुक्तों के साथ 1 लैपटॉप, 13 मोबाइल फोन, 6 पासबुक, 4 सिम कार्ड व अन्य सामान भी बरामद किया है। आयुष अग्रवाल ने मामले की जानकारी देते हुए बताया की पहले ये गैंग फेसबुक में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना तथा मुद्रा लोन के बारे में फर्जी विज्ञापन अपलोड कर लोगो को फोन करते थे। जिन लोगों को लोन की जरूरत होती थी। उन लोगों से उनका आधार कार्ड, बैंक डिटेल और छोटी मोटी संपत्ति की जानकारी मांग उनसे प्रोसेसिंग फीस और इंश्योरेंस के नाम पर 2000 रुपए लेते थे। फिर उन्हें मैसेज किया जाता कि आपका लोन स्वीकृत हो चुका है। लोन की किस्त की एवज में कई लोगों से 5200 रुपए से लेकर 10200 रुपए तक रिफंडेबल पेमेंट बताकर फर्जी मोबाइल नंबरों के व्हाट्सएप से क्यूआर कोड भेज कर धोखाधड़ी की जाती थी। फिर लोन लेने वाले को बताते थे कि रिफंडेबल पैसे 45 दिन बाद वापस हो जाएंगे। इसके कुछ ही दिन बाद यह ग्रुप फोन नंबर बंद कर देता था।

## पेज एक का शेष...

**यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं..** जूझ रही है। सरकार अंकिता हत्या कांड, पेपर लीक प्रकरण की सीबीआई जाँच से क्यों डर रही है। साहू ने कहा राजपुरा में सीवर लाइन के निर्माण के लिये पिछले कई वर्षों से संघर्ष कर रहे लेकिन अभी तक सीवरलाइन का निर्माण न होने से जनता को परेशान उठानी पड़ रही है। नाजिम अंसारी व सचिन राठौर ने कहा शहरी विकास प्रधिकरण लगातार अवैध वसूली कर रहा है। सरकार को शहरी विकास विकास प्रधिकरण के खिलाफ सख्ती से निपटने की जरूरत है। गिरफ्तारी देने वालों में शानू अल्वी, हेमन्त पन्त, सचिन राठौर, मयंक गोस्वामी, निखिल कुमार, नाजिम अंसारी, आयुष नागर, बिलाल खान, साहिल राज, कैलाश गोस्वामी, हर्षित सिंह, रितिक आर्या आदि थे।

**सीएम को काले..** कि ज्यादा वजन भरने के चक्कर में नदी में अराजकता का माहौल पैदा होगा। इसके अलावा आरटीओ से चालान का डर भी है। दूसरी तरफ कम वजन वाली गाड़ियों को क्रशर वाले सही भाड़ा नहीं देंगे।

**हादसेमें घायल...** मामले को हत्या से जोड़कर देख रहे हैं। मृतक परिजनों की मानें तो मृतक दीपक का मोबाइल फोन तथा उसका पर्स गायब है। पर्स में रुपए थे। परिजनों का कहना है कि मृतक के सिर में गंभीर चोट पाई गई। रविवार की देर रात उसे मुरादाबाद रोड स्थित एक अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। सोमवार को चिकित्सकों ने उसका ऑपरेशन किया। और देर रात युवा अधिवक्ता की उपचार के दौरान मौत हो गई। संबंधियों में दबी जबान चर्चा है कि संपत्ति को लेकर मृतक की सुनियोजित तरीके से हत्या कर दी गई।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपना नाम SUNIL KUMAR TAGRA से बदलकर SUNIL TAGRA कर लिया है। अतः भविष्य में मुझे SUNIL TAGRA S/O TEHAL DASS TAGRA के नाम से जाना पहचाना जाए।

SUNIL TAGRA
S/O TEHAL DASS TAGRA
B-5, GALI No-3 MODEL
COLONY RAMPURA
DEHAT, RUDRAPUR
UDHAM SINGH NAGAR

MANUFACTURE DATE, EXPIRY DATE, BATCH CODE, PRINTER



AVAILABLE HERE

NEELKANTH ENTERPRISE
Near G Mart, Kashipur By Pass Road, Rudrapur Ph.: 9837071614

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड, गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व० तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड, रुद्रपुर, ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com, www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax), 9897427585, 9897427586(Mob.)


SAMSUNG
BOSCH
SONY
JBL
VOLTAS
IFB
DELL
DAIKIN
ONEPLUS
MITSUBISHI ELECTRIC
Whirlpool
AMSTRAD
LLOYD
mi
SANSUI
गुरू माँ
अब मिलेगा
Online
से भी सस्ता
DIWALI DHAMAKA Sale
NO COST EMI
ATTRACTIVE EXCHANGE OFFERS
UPTO 55% OFF
UPTO 25% ADD CASHBACK
LED TV पर ऐसे ऑफर्स, खरीदे बिना रहा ना जाए
वाशिंग मशीन पर पैसा वसूल ऑफर्स
JBL स्पीकर्स - मनोरंजन अनलिमिटेड
आपके किचन की बढ़ाये शान
ऑफर्स ऐसे खरीदे बिना रहा ना जाए
सबसे कम दाम गारंटीड
दाम में भी कम, बिजली खपत भी करे कम
डील्स ऐसी, जो कहीं ना मिले
WASHING MACHINE ONLY - ₹7,990/-*
LED TELEVISION ONLY - ₹8,990/-*
REFRIGERATOR ONLY - ₹9,990/-*
BAJAJ FINSERV
HDB FINANCIAL SERVICES
आधार लाये, उधार ले जाएँ
EMI मात्र ₹990 प्रति माह से शुरू*
EASY EMI OPTION AVAILABLE
*Terms&ConditionsApply | *UnderExchange
HALDWANI
Tikonia +919997207007
Pilikothi +919690256666
Pilikothi +918923468434
KASHIPUR
Kashipur +91 8303074949
Ramnagar Road +91 8791989500
Cheema Chauraha +91 9012451341
Cheema Chauraha +91 9690785231
RUDRAPUR
Civil Lines +91 8958533331
Kashipur by Pass +91 9690282777
Kashipur by Pass +91 7895741313
Kashipur by Pass +91 9917170230
MORADABAD
Moradabad +91 7017558272
KICHHA
Kichha +91 7017595920
(Deepak Electronics)
HARIDWAR
Haridwar +91 9761699704
GADARPUR
Gadarpur +91 9927850999
(Guru Nanak Enterprises)